BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date ..28/11/2025.... Page ....12.... Column ....03....

Subject ....बीएमयू मे रैगिंग के खिलाफ किया जागरूक....

बीएमयू में रैगिंग के खिलाफ किया जागरूक

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में रैगिंग की रोकथाम में जागरुकता और परामर्श की भूमिका विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग से जुड़े कानूनी, नैतिक और भावनात्मक पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना और परिसर में सुरक्षित तथा सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देना था। वक्ताओं के अनुसार काउंसलिंग से भावनात्मक तनाव कम होता है, व्यवहार में सुधार आता है और रैगिंग की पुनरावृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। व्याख्यान विज्ञान संकाय की सदस्य डॉ. सुनीता दहिया, डॉ. विकास भारद्वाज और डॉ. मनोज वर्मा (डीन, विज्ञान संकाय) द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी वक्ताओं ने आपसी सम्मान, सहयोग और स्वस्थ शिक्षण माहौल को बनाए रखने की आवश्यकता पर छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. सुनीता दहिया, सह–संयोजक डॉ. मीनाक्षी और आयोजन सचिव डॉ. परवीन कुमार यादव (जीव विज्ञान विभाग) के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. रवि राणा, डॉ. पल्लवी भारद्वाज, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. पूजा, डॉ. विनोद भाटिया, डॉ. बृजेश, डॉ. पारुल, डॉ. हिना और डॉ. नीतिका सहित संकाय सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में शोधार्थियों तथा स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की।